# न्यायालय बईजलास उपखण्ड अधिकारी चाकसू , जयपुर

पीठासीन अधिकारी :– ओमप्रकाश सहारण (आरएएस)

मु.सं. 4/2019 निर्णय दिनांक :– 17-12-19

**उनवान**

1. फैलीराम मीना उर्फ फैल्या, पुत्र श्री जगदीश मीना, उम्र 63 साल जाति मीना, निवासी विमलपुरा, तहसील कोटखावदा, जिला जयपुर, राजस्थान।

––प्रार्थी

**बनाम**

1. राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार तहसील कोटखावदा जिला जयपुर।.

––अप्रार्थी

**<u>प्रार्थना पत्र इन्द्राज दुरूस्ती अन्तर्गत धारा 136</u>**

**<u>राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955</u>**

प्रार्थना पत्र निम्न प्रकार पेश किया कि मुझ प्रार्थी तालुकपुरा डुंगरी, तहसील कोटखावदा, जिला जयपुर के 37 मीन रकबा 19

उपखण्ड अधिकारी
चाकसू (जयपुर)

बीघा 18 बिस्वा भूमि की खातेदारी भूमि में से दिनांक 06.05.1972 जरिये विक्रय पत्र के द्वारा क्रय किया गया था। उक्त विक्रय पत्र में मुझ प्रार्थी का नाम फैली पुत्र जगदीश व पांच्या पुत्र परसा मीना, साकिन विमलपुरा, तहसील चाकसू, जिला जयपुर राज0 के नाम क्रय किया गया था। मुझ प्रार्थी ग्राम तालुकपुरा डुंगरी, पटवार मण्डल देहलाला, तहसील कोटखावदा, जिला जयपुर के खाता संख्या 9 संवत 2058 से 2061 में खसरा नम्बर 198 रकबा 4.89 है0 खसरा नम्बर 199 रकबा 0.11 है0 कुल किता 2 रकबा 5.00 है0 में हिस्सा 1/2 की खातेदारी फैला पुत्र जगदीश जो कि मेरे नाम दर्ज राजस्व रिकार्ड में अंकित व स्थित है। जमाबंदी संवत 2070–73 व सम्वत 2074–77 में ग्रम तालुकपुरा डुंगरी, पटवार मण्डल देहलाला, तहसील कोटखावदा, जिला जयपुर, के खसरा नम्बर 198 रकबा 4.89 है0, खसरा नम्बर 199 रकबा 0.11 है0 कुल किता 2 कुल रकबा 5.00 है0 मेरा नाम फैल्या पुत्र जगदीश मेरे नाम दर्ज राजस्व रिकार्ड में अंकित व स्थित है। मेरा नाम ग्राम विमलपुरा तहसील ~~बस्सी~~ कोटखावदा जिला जयपुर राजस्थान के निर्वाचक नामावली वर्ष 2014 में क्रमांक 210 पर पहचान पत्र आधार कार्ड वोटर पहचान पत्र इत्यादि में मेरा नाम फेलीराम मीना दर्ज व अंकित है तथा वर्तमान जमाबंदी खाता संख्या 11 में मेरा नाम फैल्या पुत्र जगदीश दर्ज है। ये दोनो नाम मेरे स्वं के ही है। उक्त दोनो नाम अलग

उपखण्ड अधिकारी
चाकसू (जयपुर)

अलग नही होकर मुझ प्रार्थी के ही नाम है। उक्त दोनो नाम फैल्या व फैलीराम मीना अलग अलग नाम होने के कारण मुझ प्रार्थीया को कई परेशानीयों का सामाना करना पडता है। सरकारी भूमिधारी है। जो राजस्व रिकार्ड का रख रखाव करते है जो आवश्यक फरीक मुकदमा होने के कारण उनको प्रतिवादी बनाया गया है। प्रार्थना पत्र श्रीमान न्यायालय में पेश कर निवेदन है कि उक्त ग्राम तालुकपुरा डूंगरी, तहसील कोटखावदा जिला जयपुर, राजस्थान में फैल्या पुत्र जगदीश की जगह मेरे समस्त दस्तावेजात के अनुसार फैलीराम मीना पुत्र जगदीश मीना सही व शुद्ध करने के आदशे प्रदान करते हुये राजस्व रिकार्ड में अंकन करने के आदेश प्रदान करने की कृपा करे। प्रार्थना पत्र पेश होने पर प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थी की तलबी व जवाब सरकार लिया गया तो जवाब सरकार पटवारी हल्का के अनुसार निम्नानुसार पेश किया गया कि विक्रय पत्र दिनांक 06.05.1972 में खसरा नम्बर 37 रकबा 19 बीघा 15 बिस्वा में प्रार्थी का नाम फैली पुत्र जगदीश जाति मीना सा0 विमलपुरा तहसील चाकसू दर्ज है। उक्त साबिक खसरा नम्बर 87 मि0 रकबा 19 बीघा 15 बिस्वा के वर्तमान नम्बर 198, 199 बनो तथा मिसल बन्दोबस्त के खाता संख्या 7 में प्रार्थी का नाम फैला पुत्र जगदीश जाति मीना सा0 विमलपुरा दर्ज है। प्रार्थी के प्रस्तुत दस्तावेज यथा– निर्वाचक नामावली 2014 के कम संख्या 210 पर,

उपखण्ड अधिकारी
चाकसू (जयपुर)

आधार कार्ड, राशन कार्ड, मतदाता पहचान पत्र में प्रार्थी का नाम फैलीराम पुत्र जगदीश मीना है। प्रार्थी विक्रय पत्र के अनुसार अपना नाम ग्राम तालुकपुरा डूंगरी के खाता संख्या 11 किता 2 रकबा 5.00 है0 में फैल्या पुत्र जगदीश के स्थान पर फैलीराम पुत्र जगदीश जाति मीना सा0 विमलपुरा शुद्ध करवाना चाहता है। रिपोर्ट अग्रिम कार्यवाही हेतु विक्रय पत्र व संलग्न दस्तावेजों के अनुसार प्रार्थी का नाम फैल्या पुत्र जगदीश के स्थान पर फैलीराम पुत्र जगदीश जाति मीना किया जाना उचित है। जवाब सरकार पेश होने पर बहस प्रार्थना पत्र वकील प्रार्थी की सुनी गयी तो वकील प्रार्थी ने प्रार्थना पत्र का समर्थन करते हुये कथन किया की प्रार्थी का नाम तहसीलदार की रिपोर्ट व प्रस्तुत दस्तावेजात अनुसार दुरूस्त फरमाया जावे। प्रार्थी ने प्रार्थना पत्र के समर्थन में विक्रय पत्र जमाबंदी ग्राम तालुकपुरा डूंगरी संवत 2059 से 2061 व जमाबंदी संवत 2070–73 खाता संख्या 12 वोटर लिस्ट वर्ष 2014, आधार कार्ड, परिवार राशन कार्ड, पहचान पत्र के दस्तावेज बतौर सबूत पेश किये गये। वकील प्रार्थी की बहस पर गौर किया व प्रार्थना पत्र एवं जवाब सरकार व प्रस्तुत दस्तावेजात का परीक्षण किया गया तो प्रार्थी का नाम राजस्व जमाबंदी के अतिरिक्त समस्त दस्तावेज वोटरलिस्ट पहचान पत्र आधार कार्ड, राशन कार्ड व आधार कार्ड में फैलीराम पुत्र जगदीश मीना अंकित केवल राजस्व रिकार्ड में फैल्या

उपखण्ड अधिकारी
चाकसू (जयपुर)

पुत्र जगदीश अंकित है जिसे तहसीलदार/पटवारी की रिपोर्ट एवं राशनकार्ड आधार कार्ड, पहचान कार्ड, चुनाव वोटरलिस्ट के अनुसार प्रार्थी का प्रार्थना पत्र 136 के अन्तर्गत स्वीकार किया जाना उचित समझते है। प्रार्थी का प्रार्थना पत्र 136 के अन्तर्गत स्वीकार किया जाकर ग्राम तालुकपुरा डूंगरी तहसील कोटखावदा की जमाबंदी संवत 2070–73 के खाता संख्या 12 के खसरा नम्बर 198, 199 के अंकित खसरा नम्बरान में फैल्या पुत्र जगदीश के स्थान पर फैलीराम उर्फ फैल्या पुत्र जगदीश मीना शुद्ध दर्ज किये जाने के आदेश दिये जाते है व इसी अनुसार राजस्व रिकार्ड में शुद्ध दर्ज किया जावे निर्णय की पालना हेतु तहसीलदार को लिखा जावे पत्रावली बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो।

उपखण्ड अधिकारी
चाकसू (जयपुर)

उपखण्ड अधिकारी
चाकसू





Signature Not Verified
Digitally signed by Om Prakash
Date: 2020.01.17 15:35:43 IST
Reason: SelfAttested
Location: